प्रेषक,

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

1—प्राचार्य,
डा0 भीमराव अम्बेडकर
राज्य विद्यालयी क्रीडा संस्थान
उ0प्र0स्टेडियम, अयोध्या।

2—प्राचार्या,
राजकीय महिला शारीरिक प्रशिक्षण
महाविद्यालय, प्रयागराज।

पत्रांकःगोप0/डी0पी0एड0—22/ 6236-44 /2022—23 दिनांक— 13-02-23

विषयः— डी0पी0एड0 प्रशिक्षण 2022 चयन प्रकिया के अन्तर्गत शारीरिक दक्षता मापन कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश सं0—1448/15—11—14 शिक्षा अनुभाग—11 दिनांक 22—10—2014 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में कार्यालय की विज्ञप्ति दिनांक 31.10.2022 द्वारा डी0पी0एड0प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। डी0पी0एड0 प्रशिक्षण में चयन हेतु शासनादेश दिनांक 22—10—2014 के बिन्दु—5 एवं 6 का उल्लेख निम्नवत हैः—

बिन्दु—5 डी0पी0एड0 प्रशिक्षण में चयन शैक्षिक गुणांक तथा शारीरिक दक्षता आधार पर मेरिट के अनुसार किया जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में भरे गये हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक परीक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत के योग के आधार पर गुणांक का आगणन करते हुए राज्य स्तर की वरिष्ठता सूची सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा तैयार करायी जायेगी। कुल सीटों के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थियों को वरिष्ठता क्रम में मेरिट के अनुसार दक्षता मापन परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा। अनु0 जनजाति के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर अनु0जाति के अभ्यर्थियों का चयन सूची में स्थान दिया जायेगा।

बिन्दु—6 शैक्षिक गुणांक के आधार पर तैयार की गयी वरिष्ठता के क्रमानुसार चयनित अभ्यर्थियों के लिए ही शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। यह 30 अंक की होगी जो डी0पी0एड0 प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण है। इस परीक्षा में अभ्यर्थी को खेलकूद एवं एथलेटिक्स से सम्बन्धित कम से कम 05 प्रतियोगिताओं में अपनी शारीरिक योग्यता का प्रदर्शन करना होगा। वरिष्ठता सूची में आये पुरुष अभ्यर्थियों की यह परीक्षा राज्य विद्यालयी क्रीडा संस्थान, उ0प्र0, स्टेडियम अयोध्या में एवं महिला अभ्यर्थियों की राजकीय महिला शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रयागराज में होगी।

उक्त में दिये गये निर्देश के अनुपालन में ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के मेरिट के वरिष्ठता क्रम में शारीरिक दक्षता मापन हेतु अभ्यर्थियों की सूची संलग्न है। चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता मापन दिनांक 10.03.2023 से 12.03.2023 तक आयोजित की जानी है। अतः डी0पी0एड0 प्रशिक्षण में चयन हेतु शारीरिक दक्षता मापन की तैयारी दिनांक 04.03.2023 तक अवश्य पूर्ण कर लें।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीय

13.2.2023

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृ0सं0:गोप0 / डी0पी0एड0–22 / 6236–44 / 2022–23 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियो की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0लखनऊ।
2. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0लखनऊ।
3. मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, आयोध्या एवं प्रयागराज।
4. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या एवं प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित है कि प्रति के साथ सम्बन्धित शारीरिक दक्षता मापन संस्थान से सम्पर्क कर व्यवस्था सुचारु रूप से कराते हुये सूचना से तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करें।
5. प्राचार्य, राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय रामपुर।
6. प्राचार्य, क्रिश्चियन कालेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, लखनऊ।
7. प्राचार्य, श्री गांधी ममोरियल फिजिकल ट्रेनिंग कालेज, समोधपुर जौनपुर।

13.2.2023

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।